हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 9 अप्रैल 2024

नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी



06 कक्षा छठवीं की बुक छः सौ की और निजी स्कूल वसूल...



10 सारस एग्रो कंपनी का कमाल, किसानों ने ...




**लोकसभा क्षेत्र**

जबलपुर

1 भाजपा प्रत्याशी

आशीष दुबे

2 कांग्रेस प्रत्याशी

दिनेश यादव

**पिछली बार कौन जीता**

राकेश सिंह

**जीत का अंतर**

4 लाख 54 हजार 744

## क्या रहेंगे मुद्दे?

जबलपुर प्रदेश का महानगर है, इसलिए यहां राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दो का खासा असर है। इसके साथ यहां सरकार द्वारा कराए गए काम भी मुद्दा बने हुए हैं। गांव-गांव तक सड़कों की कनेक्टिविटी अच्छी हुई है। सड़कों का जाल बिछा है। 4-5 फ्लाई ओवर तैयार हुए हैं। एक बड़ा फ्लाई ओवर बन रहा है। अन्य क्षेत्रों में भी केंद्र और राज्य सरकार ने काफी काम किए है। भाजपा मोदी और राम लहर के साथ इन कामों को मुद्दा बना रही है। कांग्रेस अपनी 19 माह की सरकार के कार्यों को गिना रही है। महंगाई और रोजगार को मुद्दा बना रही है। कांग्रेस के 5 न्याय और 24 गारंटियों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### मुद्दों और काम के कारण कांग्रेस पर भारी पड़ रही भाजपा

# जबलपुर में प्रभु श्रीराम, मोदी लहर के साथ मैदान में भाजपा

*महाकौशल अंचल की जबलपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे और कांग्रेस के दिनेश यादव के बीच कई समानताएं हैं। दोनों बेदाग छवि और मिलनसार प्रवृत्ति के हैं। दोनों ने एलएलबी कर रखी है। आशीष लैंड लार्ड हैं और दिनेश के पास भी पैसे की कई नहीं है। फर्क यह है कि आशीष राम और मोदी लहर के साथ मैदान में हैं, जबकि दिनेश ने बड़ी तादाद में डिब्बे बनवाए हैं। वे और उनके समर्थक ये डिब्बे लेकर निकलते हैं और लोगों से 'एक नोट-एक वोट' की मांग करते हैं। राजनीतिक सच यह है कि जबलपुर में वर्ष 1996 से लगातार भाजपा का कब्जा है। चुनाव दर चुनाव उसकी जीत का अंतर बढ़ा है। मौजूदा माहौल देखकर यह परंपरा आगे भी कायम रहने की संभावना जताई जा रही है।*

ग्राउंड रिपोर्ट

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

जबलपुर लोकसभा सीट में भाजपा-कांग्रेस के बीच मुकाबला तो है, लेकिन पलड़ा भाजपा का भारी है। ऐसा पहली बार नहीं है, भाजपा यहां लगातार जीत भी दर्ज करती आ रही है। 1991 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के श्रवण पटेल पहली बार मामूली अंतर 6 हजार 722 वोटों के अंतर से भाजपा के बापूराव परांजपे को हरा कर चुनाव जीते थे। इसके बाद से सीट पर भाजपा का कब्जा है और कांग्रेस एक अदद जीत के लिए तरस रही है। 1996 और 1998 के दो चुनाव बापूराव परांजपे ने जीते और 1999 में जयश्री बनर्जी ने जीत दर्ज की। इसके बाद 2004, 2009,



आशीष दुबे



दिनेश यादव

2014 और 2019 में भाजपा की ओर से लगातार राकेश सिंह ने कमल खिलाया। राकेश सिंह ने पिछला चुनाव साढ़े 4 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीता। मौजूदा माहौल देखकर कहा जा रहा है कि जीत का यह आंकड़ा और बढ़ने वाला है। लगातार चार जीत दर्ज करने वाले राकेश सिंह इस बार जबलपुर से मैदान में नहीं हैं। पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर वे विधानसभा का चुनाव लड़े थे और इस समय राज्य सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री हैं। उनके स्थान पर भाजपा ने बिल्कुल नए चेहरे आशीष दुबे को प्रत्याशी बनाया है। वे तीन बार से विधानसभा का टिकट मांग रहे थे, लेकिन मिला नहीं। उन्होंने ज्यादा संगठन में काम किया है और अब लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। उनकी बेदाग और निर्विवाद छवि है। उनकी गिनती जबलपुर के लैंड लार्ड के तौर पर होती है। कांग्रेस के दिनेश यादव भी पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। वे प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री हैं। इससे पहले वे पार्षद और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहे हैं। कांग्रेस की ओर से वे महापौर का चुनाव भी लड़ चुके हैं। उनकी छवि भी अच्छी है, लेकिन वे भाजपा के आशीष से काफी पिछड़ते दिखाई पड़ रहे हैं। जबलपुर में भाजपा जैसी जीत दर्ज करती है, उसे देखकर स्पष्ट है कि यहां जातीय और सामाजिक गणित फेल हो जाते हैं।

### विधानसभा में भाजपा को हासिल है बढ़त

प्रदेश की कई अन्य सीटों की तरह जबलपुर में भी भाजपा को विधानसभा में बड़ी बढ़त हासिल है। लोकसभा क्षेत्र की 8 में से 7 विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है, जबकि कांग्रेस के पास सिर्फ एक सीट है। 4 माह पहले हुए चुनाव में भाजपा ने पाटन, बरगी, जबलपुर उत्तर, जबलपुर कैंट, जबलपुर पश्चिम, पनागर और सिहोरा विधानसभा क्षेत्रों में बड़े अंतर से जीत दर्ज की है, जबकि कांग्रेस सिर्फ जबलपुर पूर्व सीट ही जीत सकी है। जबलपुर पूर्व में कांग्रेस के लखन घनघोरिया 27 हजार 741 वोटों के अंतर से जीते हैं, जबकि सातों सीटों में भाजपा की जीत का अंतर 2 लाख 36 हजार 359 वोट है। साफ है कि भाजपा को विधानसभा चुनाव से ही 2 लाख से ज्यादा वोटों की बढ़त हासिल है। कांग्रेस के लिए इस अंतर को पाटना बड़ी चुनौती है।

### ब्राह्मण, पिछड़ा, दलित वर्ग के वोटरों का दबदबा

सामाजिक समीकरण फेल होने की वजह से जबलपुर में हार-जीत का अंतर ज्यादा होता है। लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण, पिछड़ा वर्ग और दलित वर्ग के मतदाताओं का दबदबा है। ब्राह्मण एकमुश्त भाजपा के खाते में जा सकते हैं, जबकि पिछड़े वर्ग का एक हिस्सा कांग्रेस को मिल सकता है। भाजपा प्रत्याशी ब्राह्मण और कांग्रेस प्रत्याशी पिछड़े वर्ग से हैं। क्षेत्र में मुस्लिम और आदिवासी वर्ग के मतदाताओं की तादाद भी काफी है। इनमें मुस्लिमों का अधिकांश वोट कांग्रेस के पक्ष में जा सकता है, जबकि दलित और आदिवासी मतों में बंटवारा होगा। हालांकि इनका ज्यादा हिस्सा भी भाजपा के पक्ष में ज्यादा जाने की संभावना है। क्षेत्र के वैश्य, क्षत्रिय एवं अन्य जातियों में भाजपा का दबदबा देखने को मिल रहा है। यहां ब्राह्मण, पिछड़ा वर्ग और दलित वर्ग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### जबलपुर जिले को मिलाकर बनी लोस सीट

जबलपुर लोकसभा सीट का भौगोलिक एरिया बाहर नहीं गया। इसके तहत आने वाली सभी 8 विधानसभा सीटें जबलपुर जिले की ही हैं। जातीय आधार पर जरूर हर विधानसभा सीट की अलग-अलग स्थिति है। किसी सीट में दलित और आदिवासी ज्यादा हैं तो किसी में पिछड़े और ब्राह्मण। कुल मिलाकर दबदबा भाजपा का ही है। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया था। तब भाजपा और कांग्रेस को बराबर 4-4 सीटें मिली थीं। बावजूद इसके 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा के राकेश सिंह 4 लाख 54 हजार 744 वोटों के बड़े अंतर से जीते थे। अब तो विधानसभा में भी भाजपा का पलड़ा भारी है। माहौल भी भाजपा का है।

### 1300 किग्रा अवैध महुआ लहान 37 लीटर हाथ भट्टी महुआ तथा 65 पाव देसी प्लेन शराब जब्त

# आबकारी टीम ने की डेढ़ लाख की अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब और लहान जब्त

आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को टीम ने करीब डेढ़ लाख रूपए की अवैध शराब जप्त की है।




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन में तथा जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में सोमवार को नर्मदापुरम जिले के माखन नगर क्षेत्र में सुबह के समय दबिश करवाई आबकारी टीम द्वारा की गई। जिसके अंतर्गत कुच बंदिया मोहल्ला माखन नगर में 600 किलोग्राम महुआ लहान, गुजरवाडा में 400 किलोग्राम महुआ लहान तथा माने गांव में 300 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर लाहन को शराब बनाने के अयोग्य किया गया। बागड़ातवा में 30 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त किया जाकर आब कारी अधिनियम की धारा 34 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है। वहीं माखननगर तथा गुजरवाडा में दो आरोपियों कामिनी पति राहुल गौहर तथा दरबारी लाल पिता नंगे ठाकुर को आबकारी अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार कर जमानत मुचलके में छोड़ा गया। पुनः दोपहर पश्चात नादापुरम शहर में प्राप्त शिकायत के आधार पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी राहुल ढोके के नेतृत्व मेंआबकारी टीम द्वारा नर्मदापुरम क्षेत्र के सब्जी मंडी क्षेत्र में तलाशी कार्रवाई की गई जिसमें अनिकेत पिता जुगल किशोर से 13 पाव देसी मदिरा प्लेन शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम 34 (क) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। वहीं आदर्श नगर में अंजना पति बैजू जाटव से 12 पाव देसी मदिरा प्लेन शराब जप्त किया गया। इसके साथ-साथ शहर के कई संदिग्ध स्थानों में खाली तलाशी की कार्रवाई की गई। पूरे नर्मदा पुरम शहर में आबकारी टीम द्वारा स्थान स्थान पर संदिग्ध स्थानों पर सर्चिंग की कार्रवाई की जा रही है। आज की कार्रवाई में कुल जप्त मदिरा की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये आकी गई है। आज की कार्यवाही टीम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी राहुल ढोके, आबकारी उप निरीक्षक वासुदेवाचार्य त्रिपाठी, आबकारी उप निरीक्षक इटारसी नीलेश पवार, प्रधान आरक्षक रामदत्त शर्मा, आबकारी आरक्षक नर्मदा प्रसाद मेहरा, विकास लोखंडे भावना यादव के साथ नगर सैनिक राकेश चौरे का विशेष योगदान था। जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर ने बताया कि अवैध मदिरा परिवहन, निर्माण, संग्रहण, विक्रय के खिलाफ पूरे जिले में आबकारी विभाग की टीमों द्वारा लगातार कार्रवाईयां की जा रही है एवं आगे भी जारी रहेंगी।

# नियम विरूद्ध हो रहे यात्री बसों के संचालन पर कार्रवाई, 21 हजार रुपए वसूले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

आदर्श आचार संहिता के परिपालन में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा नर्मदापुरम जिले के विभिन्न मार्गो पर सघन जांच अभियान लगातार चलाया जा रहा है। जिसमे वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट,काली फिल्म, परमिट, बीमा, फिटनेस, ओवरलोडिंग,हूटर, अवैध नगदी, मादक पदार्थों आदि की जांच की जा रही है। सोमवार को इटारसी मार्ग पर की गई। जिसमें एक यात्री बस क्रं. एमपी 15 पीए 0247 बारात का परमिट लेकर यात्री परिवहन करते हुए पाई गई। जिस पर परमिट शर्तो के उल्लघंन मानते हुए 10 हजार का चालान काटा गया। साथ ही अन्य जांच में 10 वाहन बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट के तथा 1 - 1 कार बिना बीमा, फिटनेस के पाए जाने पर चालानी कार्यवाही की गई, तथा आगे से सभी दस्तावेज पूर्ण होने पर ही वाहन संचालन की हिदायत आरटीओ अधिकारी द्वारा दी गई, जांच दल में आरटीओ अधिकारी के साथ उदयभान शर्मा, मोहनलाल यादव, गोलू पटेल आदि शामिल रहे।




### मतदाता जागरूकता के लिए फ्रेंड्स क्लब की नाइट क्रिकेट स्पर्धा कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

लोकसभा महापर्व में मतदाताओं की सहभागिता को बढ़ाने के लिए फ्रेंड्स क्लब द्वारा जनजागरूकता का अभियान चलाया जा रहा है। फ्रेंड्स क्लब समिति के सदस्य विवेक भदौरिया ने बताया कि इस अभियान के तहत समिति द्वारा 10 अप्रेल से 18 अप्रेल तक रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्थानीय नर्मदा वैली स्कूल के पास स्थित मैदान में खिलाड़ियों द्वारा स्पर्धा में शामिल होकर अपनी प्रतिभा की प्रस्तुति देगें। इस संबंध में समिति की बैठक का आयोजन किया। जिसमें उक्त निर्णय लिए गए। बैठक में फ्रेंड्स क्लब के गोलू तिवारी, आदित्य ठाकुर, मनीष तिवारी, नीरज कैथवास, आशु तिवारी (आयुष), शुभम राजपूत, श्रेयश, अंकुर जैन, शुभम बारस्कर, आशीष रावत, अनिल केडी दुबे सहित खेल संगठनों के पदाधिकारी एवं खिलाड़ी मौजूद रहे।

# शकुंतला देवी शर्मा ब्रह्मलीन, दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

स्व. पं.रामलाल शर्मा की ज्येष्ठ पुत्रवधु एवं पूर्व मुख्य सचिव कृपाशंकर शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला देवी शर्मा का अंतिम संस्कार मां नर्मदा किनारे राजघाट पर सोमवार को सुबह 10 बजे किया गया। बड़ी संख्या में शुभचिंतक एवं परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। दुख की इस घड़ी में विधायक विजयपाल सिंह, पूर्व मंत्री सुरेश पचौरी, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा, चौधरी दर्शन सिंह सहित जिले भर के सभी दलों के कार्यकर्ता मौजूद थे। स्व. श्रीमती शकुंतला शर्मा को मुखाग्नि पुत्र आशीष शर्मा द्वारा दी गई। अंतिम संस्कार के पश्चात राजघाट पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस मौके पर स्व. शकुंतला शर्मा के पति कृपाशंकर शर्मा, पूर्व जिपं अध्यक्ष भवानीशंकर शर्मा, पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा, विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मनीषशंकर शर्मा, भाजपा नेता पीयूष शर्मा, अधिवक्ता अरूण शर्मा, वैभव शर्मा आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वहीं उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर स्व. श्रीमती शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों को इस गहन दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से कामना की।

### पक्षियों के लिए दाना-पानी अभियान

**नर्मदापुरम।** शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में सोमवार को पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम मिशन लाइफ एवं राष्ट्रीय हरितकोर योजना के अन्तर्गत ईको क्लब द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत इको क्लब की छात्राओं द्वारा पक्षियों के लिए भीषण गर्मी मे राहत के लिए दाना एवं पानी की व्यवस्था की गई। महाविद्यालय के विभिन्न स्थानों पर सकोरे एवं कृत्रिम घोसले रखे ससकोरे में रोज पानी भरने एवं दाना रखने की जिम्मेदारी छात्राओं ने ली। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कामिनी जैन ने बताया की भोजन पानी की कमी के कारण पक्षियों की अनेक प्रजातियाँ धीरे धीरे समाप्त होती जा रही है इन्हें बचाने के लिए छात्राओं एवं आमजनों से भी पक्षियों के लिए अपने अपने घरों एवं घर के आसपास दाना एवं पानी की व्यवस्था करने की अपील की। कार्यक्रम संयोजक एवं ईको क्लब प्रभारी डॉ दीपक अहिरवार ने छात्राओं को बताया कि आद्रभूमियां पशु पक्षियों एवं अनेक जीवों के लिए भोजन पानी आवास और सुरक्षा सभी कुछ उपलब्ध कराते है।

### मां नर्मदा में पुण्य स्नान...



**नर्मदापुरम।** मंगलवार को सोमवती अमावस्या के पर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा के सेठानीघाट सहित अन्य घाटों पर पहुंचकर पुण्य सलिल में स्नान कर पूजा अर्चना एवं दान दक्षिणा कर धर्म लाभ अर्जित किया।

### चैत्र नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालु करेंगे मां शैल पुत्री की पूजा-अर्चना

# आज से शुरू होगी आदिशक्ति मां भवानी की आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

चैत्र पक्ष की प्रतिपदा पर मंगलवार से नवरात्रि पर्व का शुभारंभ हो रहा है। नौ दिनों तक देवीभक्त मां की आराधना में लीन होकर अपने मनवांछित फलों की कामना करेंगे। नवरात्रि के प्रथम दिवस माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना की जाएगी। द्वितीय दिवस मां ब्रह्मचारिणी, तृतीया दिवस मां चंद्रघंटा पूजा, चतुर्थी दिवस मां कुष्मांडा, पंचम दिवस मां स्कंदमाता, छटवें दिवस माँ कात्यायनी, सप्तमी मां कालरात्रि, अष्टमी पर मां महागौरी दुर्गा महाअष्टमी, नवमी पर मां सिद्धिदात्री, राम नवमी, दशमी पर नवरात्रि पारण पर्व मनाया जाएगा।



#### शुभ मुहूर्त में होगी पूजा

पं. अजय परसाई ने बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि इस वर्ष सोमवार की रात 11 बजकर 50 मिनट से शुरू हुई। जो मंगलवार की रात को 8 बजकर 30 मिनट पर खत्म होगी। इसी के साथ आज से उदया तिथि के आधार पर चैत्र नवरात्रि शुरू हो जाएगी। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत योग रहेगा। वैदिक ज्योतिष में इन योगों में पूजा बहुत ही शुभ फलदायी होती है।

#### प्रतिमाएं भी होंगी स्थापित

चैत्र नवरात्रि पर्व पर नर्मदांचल में कुछ स्थानों पर आदि शक्ति की प्रतिमा स्थापित कर आराधरा की जाएगी। वहीं श्रद्धालु देवी मंदिरों में पहुंचकर जल अर्पित कर नवरात्र में उपवास धारण कर मनवांछित फलों की कामना करेंगे।

### मतदान के लिए शपथ दिलाई

**नर्मदापुरम।** लोक सभा निर्वाचन के लिए सभी प्रशिक्षण संपन्न हो गए हैं। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी 1 का प्रशिक्षण दिया गया। सोमवार को 264 माईक्रो ऑब्जर्बर को प्रशिक्षण दिया गया।

### नर्मदा वैली स्कूल की छात्राओं का फिट इंडिया क्विज कॉम्पटीशन में राष्ट्र स्तर के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल, नर्मदापुरम में शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास हेतु समय-समय पर विभिन्न प्रकार की शिक्षाप्रद गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। परिणाम स्वरुप शाला के छात्र-छात्राओं ने राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर अनेकों कीर्तिमान हासिल किए। इसी प्रकार स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित फिट इंडिया क्विज कॉम्प्टीशन में कक्षा 12वीं साइंस की छात्रा आशी मालवीय एवं कक्षा 12वीं कॉमर्स की छात्रा निधि पुरोहित ने स्टेट ग्रैंड फिनाले में जीत हासिल कर राष्ट्र स्तरीय फिट इंडिया क्विज में अपना स्थान सुनिश्चित किया। गौरवतल है की क्विज कॉम्पटीशन, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया भोपाल द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक विश्वराज शिंदे के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता आगामी दिनों में मुंबई में आयोजित होगी। संस्था के डायरेक्टर मनीष अग्रवाल, प्राचार्य इमरान खान, कोऑर्डिनेटर श्वेता शुक्ला एवं शिक्षकों ने संस्था के खेल शिक्षक रजत सोनी के सकारात्मक प्रयासों एवं कंप्यूटर साइंस शिक्षक अनिल राठौर के तकनीकी सहयोग की सराहना करते हुए विजयी छात्राओं एवं उनके माता-पिता को बधाई देते हुए छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## खबर संक्षेप

### थ्रेसर में गेहूं की बालियां डाल रहा था मजदूर, हाथ का पंजा कटा

**बैतूल।** जिले में गेहूं कटाई के बाद थ्रेसर करने का काम किसानों द्वारा किया जा रहा है। थ्रेसर करते समय लापरवाही बरतने पर लोग इसकी चपेट में भी आ रहे है। दामजीपुरा इलाके में शनिवार रात को थ्रेसर करते समय एक मजदूर के हाथ का पंजा कट गया। मजदूर मशीन में गेहूं की बालियां डाल रहा था। इस दौरान उसका बाएं हाथ का पंजा मशीन में जाने से पंजा कट गया। एक पखवाड़े में थ्रेसर मशीन पर काम करते समय एक मजदूर की मौत हो गई है, वहीं दूसरा का पेट फट गया था। दामजीपुरा में महाराष्ट्र के कुंड निवासी प्रकाश पिता सोमा पंद्राम (32) अपने साथियों के साथ थ्रेसर मशीन लेकर आया था। वह किसानों के खेत में थ्रेसर करने का काम कर रहा था। रात 11 बजे थ्रेसर मशीन में गेहूं की बालियां निकालने के दौरान उसके बाएं हाथ का पंजा मशीन में चला गया, जिससे उसका पंजा कट गया। घायल प्रकाश को पहले भीमपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया था, जहां से जिला अस्पताल भेज दिया है

### चुनाव आयोग ने जारी किए दिशा-निर्देश

**बैतूल।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की आचार संहिता लागू होने पर चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार चुनाव संबंधित आवश्यक तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अनुभाग स्तरीय प्रशिक्षण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था जिनके निर्देश पर दिनांक 06/04/24 को चुनाव ड्यूटी में लगने वाले अनुभाग सारणी के पुलिस कर्मचारी/ डब्ल्यूसीएल सुरक्षाकर्मी/ एमपीपीजीसीएल के सुरक्षाकर्मी एवं कोटवारों को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण श्रम कल्याण केंद्र सारणी में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक बैतूल निश्चल झारिया भी सम्मिलित हुए, उन्होंने चुनाव ड्यूटी के दौरान ड्यूटी से संबंधित कर्तव्यों का निर्वहन करने संबंधी बारीकियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी सारणी रोशन जैन द्वारा मतदान दिवस के दिन किए जाने वाले सुरक्षा उपायों और कर्तव्यों के संबंध में जानकारी दी गई।मास्टर ट्रेनर्स प्राचार्य शंकर भंडारे, व्याख्याता रमेश पाटिल ने प्रशिक्षण दिया प्रशिक्षण में रोशन जैन अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सारणी, संतोष पथोरिया नायब तहसीलदार सारणी, राघव सिक्योरिटी इंचार्ज 'स्त्रस्त्रॅ' सारणी, अरविंद कुमरे थाना प्रभारी सारणी, अवधेश तिवारी थाना प्रभारी रानीपुर, राकेश सरियाम थाना प्रभारी चोपना, अनुभाग सारणी के पुलिस अधिकारी कर्मचारी, डब्ल्यूसीएल सुरक्षाकर्मी/ एमपीपीजीसीएल के सुरक्षाकर्मी तथा ग्राम कोटवार सहित 150 लोगों ने चुनाव संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## घोड़ाडोगरी ब्लॉक में बिना अनुमति के कई निजी स्कूल संचालित

# कक्षा छठवीं की बुक छः सौ की और निजी स्कूल वसूल रहे 3840 रुपए






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

घोड़ाडोगरी ब्लॉक में निजी स्कूलों की लूट खसोट का मामला किसी से छुपा नहीं है। घोड़ाडोगरी ब्लॉक के अंदर एक दर्जन से अधिक निजी स्कूल संचालित हो रही हैं और इनका कोई मापदंड नहीं है। कई स्कूल तो ऐसे हैं जो बिना अनुमति के संचालित हो रहे हैं, पिछले शिक्षा सत्र में जिन स्कूलों की अनुमति निरस्त कर दी गई थी, उन स्कूलों की अनुमति ले देकर फिर शुरू कर दी गई है, जिसकी वजह से निजी स्कूलों शासकीय पाठ्यक्रम को नजर अंदाज करके कक्षा छठवीं के छः सौ रुपए के बुक सेट को 3840 रुपए में बेचने का काम कर रहे हैं। सूत्रों की मान्य तो निजी स्कूल के संचालकों के माध्यम से पाठ्यक्रम पुस्तकों में 65 प्रतिशत की हिस्सेदारी लेकर अभिभावकों को सीधे तौर पर लूटने का काम कर रहे हैं। ऐसे स्कूलों पर शिक्षा विभाग के माध्यम से कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है यह जांच का विषय बना हुआ है।

### बालकृष्ण और ऑक्सफोर्ड की मान्यता पर सवालिया निशान

बैतूल से परासिया स्टेट हाईवे 47 मार्ग है और इस मार्ग के समीप किसी भी निजी स्कूलों का संचालन नहीं किया जा सकता लेकिन नियमों को ताकत पर रखकर बालकृष्ण एवं ऑक्सफोर्ड यह दोनों निजी स्कूल नर्सरी से लेकर केजी टू तक के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते दिखाई दे रहे हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि महिला बाल विकास के जिम्मेदार अधिकारियों के माध्यम से इन स्कूलों को अनुमति कैसे दी गई है यह जांच का विषय बना हुआ है। बालकृष्ण स्कूल पिछले शिक्षा सत्र में महिला शिक्षकों को स्कूटी और इस शिक्षा सत्र में शिक्षक को कर देकर संपूर्ण जिले में सुर्खियां बटोरती दिखाई दिए जबकि मिनी हाईवे से मात्रा 2 मीटर की दूरी पर बालकृष्ण स्कूल ओपन किया जा रहा है और यह नेशनल स्टेट हाईवे के नियम के विरुद्ध है। आब सवाल यह उठता है कि यह निजी स्कूल अभिभावकों से मोटी राशि वसूल कर अधिकारियों की मुट्ठी गर्म करने का काम कर रहे हैं यही वजह है कि इन्हें मापदंड को दरकिनार करके अनुमति देने का कार्य किया जा रहा है।बालकृष्ण स्कूल के संचालक के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों पर कहा गया है नियम के विरुद्ध स्कूल का संचालन किया जा रहा है। सरकारी महकमें के निम्न में से लेकर उच्च अधिकारियों तक उनके द्वारा मुट्ठी गर्म करने का कार्य किया जाता है। ऐसी स्थिति में उन्हें स्कूल के संचालन के लिए अनुमति क्यों नहीं मिलेगी यह बड़ा सवाल है। जिस स्थान पर उनकी स्कूल का संचालन किया जा रहा है। वहां पर खेल मैदान भी नहीं है पिछले शिक्षा सत्र में खेल मैदान ना होने की वजह से कई अभिभावकों के माध्यम से अपने बच्चों को उनके स्कूल से निकलने का काम किया गया है। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि बीआरसी घोड़ाडोगरी,जिला शिक्षा अधिकारी के नाक के नीचे घोड़ाडोगरी ब्लॉक में निजी संस्थाओं के माध्यम से इस तरह के अवैध संस्थाएं किस तरह पनप रही है। यह जांच और शोध का विषय संपूर्ण विभाग के लिए बना हुआ

#### बीआरसी की जिम्मेदारी

कक्षा पहली से आठवीं तक के स्कूलों की जांच व देखने की संपूर्ण जिम्मेदारी बीआरसी विभाग की होती है। इसमें मेरे माध्यम से कुछ कार्रवाई नहीं की जा सकती आपको वहां पर शिकायत करना पड़ेगा।

**हकम सिंह,** ब्लॉक शिक्षा अधिकारी घोड़ाडोंगरी

#### *शिक्षा के स्तर और शिक्षकों की गुणवत्ता की हो जांच*

*घोड़ाडोगरी ब्लॉक में कोई कर तो कोई स्कूटी देकर क्षेत्र के अभिभावकों को अपनी तरफ खींचना एवं आकर्षण करने का कार्य कर रहे हैं। क्या इन स्कूलों के माध्यम से कलेक्टर दर पर शिक्षकों को वेतन दिया जा रहा है या नहीं जो इन निजी स्कूलों में विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम पढ़ने का काम कर रहे हैं। उन शिक्षकों के गुणवत्ता का मापदंड ब्लॉक एवं जिला शिक्षा विभाग के पैरामीटर के अंतर्गत है या नहीं इसकी भी जांच की जानी चाहिए, यदि बीआरसी शिक्षा विभाग एवं महिला बाल विभाग के अधिकारियों के माध्यम से निष्पक्ष जाच की जाएगी तो घोड़ाडोगरी ब्लॉक के आधे से ज्यादा निजी स्कूलों में ताला लटकता दिखाई देगा निजी शिक्षण संस्थाओं ने शिक्षा का व्यवसाय कारण किए जाने की वजह से गरीब और मध्यवर्गी परिवार अपने बच्चों को बेहतर तालीम दिलाने में विफल साबित होते दिखाई दे रहे।*

## आम आदमी पार्टी के इवेंट प्रभारी के खिलाफ मामला हुआ दर्ज

### सोशल मीडिया पर पीएम के खिलाफ अशोभानी टिप्पणी बनी परेशानी का कारण

**सारनी।** आम आदमी पार्टी के इवेंट प्रभारी के माध्यम से सोशल मीडिया के सामाजिक सोशल मीडिया ग्रुप में प्रधानमंत्री के खिलाफ अशोभानी टिप्पणी की जानी भारी पड़ गई है। भारतीय जनता पार्टी के बालकराम यादव,राकेश सोनी,विनय राय और प्रवीण सोनी की शिकायत पर सारनी पुलिस के माध्यम से आम आदमी पार्टी के इवेंट प्रभारी मनोहर पचोरिया के खिलाफ धारा 505 (2) 188 के खिलाफ मामला पंजीकृत करके उनके गिरफ्तारी की तैयारी की जा रही है। भारतीय जनता पार्टी के बालक राम यादव,राकेश सोनी, विनय राय और पार्षद प्रवीण सोनी ने बताया कि मनोहर पचौरी के द्वारा सामाजिक सोशल मीडिया नमक व्हाट्सएप ग्रुप पर देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक बयान बाजी की गई। जिससे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी में आक्रोश का माहौल उत्पन्न हो गया। यह टिप्पणी सात अप्रैल को शाम 4 मिनट की लगभग की गई थी। जिसकी वजह से भारतीय जनता पार्टी के नेताओं में आक्रोश का माहौल व्याप्त हो गया। सारनी पुलिस के माध्यम से क्षेत्र के माहौल को देखते हुए मनोहर पचौरी के खिलाफ धारा 505(2 )और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला पंजीकृत किया गया है। बताया जाता है कि यह धारा ऐसी सामग्री के प्रकाशन तथा प्रसार को अपराध बनती है, जिससे विभिन्न समुदाय के बीच द्वेष या घृणा उत्पन्न हो सके समाचार लिखे जाने तक आम आदमी पार्टी के इवेंट प्रभारी मनोहर पचोरिया को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया था।

## सीएम राइज कक्षा 11वीं की उत्तर पुस्तिकाओं की हो पुनः जांच

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



**मुलताई।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सी.एम. राईज स्कूल के प्राचार्य को ज्ञापन सौप 11वीं बायोलॉजी हिन्दी मिडीयम एवं अंग्रेजी मिडीयम की परीक्षा परिणाम में हुई अनियमितता होने का आरोप लगाते हुए पुनः उत्तरपुस्तिका जांच कराने की माग की है। विद्यार्थी परिषद ने अपने ज्ञापन में कहा है कि 11वीं बायोलॉजी के वर्ष 2023-24 के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं जिससे सी.एम. राईज स्कूल मुलताई के परीक्षा परिणाम में लगभग 55 प्रतिशत विद्यार्थी अनुत्तीर्ण किए गए हैं। 55 प्रतिशत बच्चों का एकाएक इस प्रकार अनुत्तीर्ण होना विद्यालय प्रशासन पर भी प्रश्न उठाता हैं। अधिकांश विद्यार्थीयों को विश्वास है कि वह उत्तीर्ण हो सकते थे। किंतु परीक्षा की जाँच में अनियमितता के कारण विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए हैं। उत्तरपुस्तिका जाँच कराने से स्थिति स्पष्ट हो सकती है इसलिए उत्तर पुस्तिकाओं की पुनः जांच कराई जाए।

## अब बैतूल रेलवे माल गोदाम में आधुनिकतम मशीनों से वैगन से माल लोडिंग-अनलोडिंग प्रारम्भ



**बैतूल।** रेलवे द्वारा अब अत्याधुनिक मशीन (कन्वेयर बेल्ट) द्वारा वैगनों से ट्रकों में लोडिंग/ अनलोडिंग प्रारंभ की गई है। यह कार्य रेलवे द्वारा जनक इंटरप्राइजेस भोपाल को दिया गया है। कंपनी के डायरेक्टर शुभम वबले ने इन अत्याधुनिक मशीनों की खूबियों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इन मशीनों से कार्य की गति बढ़ी है एवं श्रमिकों का जोखिम भी बहुत कम हो गया। एक कन्वेयर बेल्ट से एक वैगन को 30 से 45 मिनट में खाली किया जा रहा है, जिससे 42 वैगन मात्र 9 घंटे में खाली किए जा सकते हैं वहीं पहले 56 घंटे में 42 वैगन खाली होते थे, जिससे रेलवे को करोड़ो रुपए का नुकसान होता था, जिसको डेमरेज रेंट एवं वार फेयर से पूरा नहीं होता, अब इस मशीन के संचालन से 24 घंटे में दो गाड़ियों का रेक खाली किया जा सकता है, जिससे रेलवे को दुगुना व्यापार मिलेगा और साथ में श्रमिको को भारी लोडिंग एवं अनलोडिंग से राहत भी मिलेगी। जिसके साथ-साथ बैतूल के व्यापारी बंधुओं के व्यापार में भी तीव्र गति से अब वृद्धि होगी। इस कार्य को स्थानीय व्यापारियों द्वारा भी काफी सराहा जा रहा है।

## बालिका से रेप, पुलिस ने सीहोर से किया आरोपी को गिरफ्तार

### थाना बीजादेही पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**बैतूल।** गत 01/04/2024 को 14 वर्षीय पीड़िता द्वारा थाना बीजादेही में रिपोर्ट की गयी थी कि दिनांक 01/04/2024 को पीड़िता अपने घर पर जब अकेली थी और आंगन लीप रही थी, तभी आरोपी कमलेश धुर्वे घर पर आया और पीड़िता को उठाकर घर में ले जाकर उसके साथ गलत काम (बलात्कार) किया।

पीड़िता की मां के द्वारा आरोपी कमलेश को पकड़ने पर आरोपी कमलेश धुर्वे हाथ छुड़ा कर फरार हो गया था। जिसकी रिपोर्ट पर थाना बीजादेही में पॉक्सो एक्ट की धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त आरोपी कमलेश धुर्वे घटना दिनांक से ही फरार था जिसकी गिरफ्तारी के लिए टीम तैयार कर सभी संभावित स्थानों पर तलाश की गयी। तलाश के दौरान आरोपी कमलेश धुर्वे पिता



जग्गू लाल धुर्वे उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम पाण्डाझिरी थाना बीजादेही को दिनांक 06/04/2024 को नसरुल्लागंज जिला सीहोर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराया जाकर न्यायिक हिरासत में जिला जेल बैतूल में निरुद्ध किया जाएगा। उक्त आरोपी कमलेश धुर्वे की गिरफ्तारी में उप निरीक्षक रवि शाक्य थाना प्रभारी बीजादेही, सउनि. संतोष चौधरी आदि की भूमिका रही।

## जनजातीय कार्यालय में 26 लाख से अधिक का गबन, कलेक्टर ने दिए एफआईआर के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी घोड़ाडोंगरी में 26 लाख 20 हजार 178 रूपए की वित्तिय अनियमितता के चलते कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने 2 कर्मचारियों को निलंबित कर एफआईआर के निर्देश दिए है। एक अन्य कर्मचारी रमेश गाजरे, तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी घोड़ाडोंगरी, वर्तमान में प्राचार्य उच्चतर माध्यमिक शाला धनगांव जिला छिंदवाड़ा को निलंबित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग भोपाल को पत्र लिखा है।

जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी घोड़ाडोंगरी में वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2023-24 के मध्य सॉफ्टवेयर के वेंडर मास्टर में गलत नाम, बैंक खाता नंबर की प्रविष्टि कर फर्जी तरीके से कुल राशि रूपए 26 लाख 20 हजार 178 रूपए की राशि तीन कर्मचारियों ने अलग-अलग अपने रिश्तेदारों के खाते में योजनाबद्ध तरीके से कूट रचना कर अंतरित किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। कलेक्टर द्वारा गठित जांच दल द्वारा कूटरचित तरीके से भुगतान करना पाया गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई। इनमें राकेश बेडरे सहायक ग्रेड-3 कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, चिचोली के विरूद्ध घोड़ाडोंगरी में पदस्थता अवधि के दौरान फर्जी नामों से 49 देयकों के माध्यम से राशि रूपए 19 लाख 72 हजार 14 रूपए स्वयं के खाते, पुत्री इशिका बेडरे एवं 04 अन्य परिचित (कविता मालवी, राजू मालवी, स्वप्निल पंवार एवं सागर पंवार) के खाते में फर्जी तरीके से भुगतान कराया गया। कलेक्टर द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर इनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी भैंसदेही निर्धारित किया गया। इसी प्रकार एक अन्य कर्मचारी राजेश मन्नासे प्राथमिक शिक्षक प्राथमिक शाला छतरपुर विकासखंड घोड़ाडोंगरी द्वारा 53 देयकों के माध्यम से राज्य की संचित निधि से 6 लाख 48 हजार 164 रूपए अपनी पत्नी सविता मन्नासे एवं 2 अन्य परिचितों नीरज मन्नासे, कमला बाई मन्नासे के नाम से खातों में कूटरचित तरीके से जमा कराई। जांच में आरोप सही पाए जाने पर कलेक्टर के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य द्वारा इन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर भैंसदेही विकासखंड शिक्षा अधिकारी में पदस्थ किया गया। तीसरे अन्य रमेश गाजरे तत्का.विकासखंड शिक्षा अधिकारी घोड़ाडोंगरी, वर्तमान में प्राचार्य, उच्चतर माध्यमिक शाला धनगांव जिला छिंदवाड़ा द्वारा साफ्टवेयर एवं प्रेक्षकों में सॉफ्टवेयर के वेंडर मास्टर में गलत नाम व गलत बैंक खातों की प्रविष्टि कर 26 लाख 20 हजार 178 रूपए कूटरचित तरीके से बैंक खाते में भुगतान कराए गए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी द्वारा रमेश गाजरे को आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निलंबन एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई अनुशंसा की गई है।

## बालक व कन्या क्रीड़ा परिसर में प्रवेश प्रारंभ, फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल निर्धारित, चयनित छात्रों को निशुल्क प्रशिक्षण मिलेगा




**बैतूल।** बालक क्रीड़ा परिसर शाहपुर एवं कन्या क्रीड़ा परिसर हमलापुर में प्रवेश के लिए आवेदन शुरु हो गया है। फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल निर्धारित की गई है। यहां चयनित छात्रों को निशुल्क आवास, प्रशिक्षण दिया जाएगा।जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थी जिनकी आयु सीमा 11 वर्ष से 18 वर्ष के मध्य है और वह कक्षा 6वी से 12वी कक्षा में अध्ययनरत है, ऐसे अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्रा सत्र 2024-25 में बालक क्रीड़ा परिसर शाहपुर व कन्या क्रीड़ा परिसर हमलापुर बैतूल में प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने के लिए संबंधित क्रीड़ा परिसरों में 20 अप्रैल 2024 तक फॉर्म जमा कर सकते है।15 जून से 20 जून तक विकास खंड स्तर पर चयन व 22 जून से 24 जून तक जिला स्तर पर अंतिम चयन किया जाएगा। गौरतलब है कि क्रीड़ा परिसर में खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को विद्यावार कोच व संबंधित पीटीआई के ओर से निःशुल्क प्रशिक्षण, आवास, भोजन, उपकरण किट, जूते व मोजे सामग्री प्रदान की जाती है। संचालित क्रीड़ा परिसरों में जुडो, सॉफ्टबॉल व एथलेटिक्स खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए सक्षम अधिकारी की ओर से जारी जाति प्रमाण पत्र व विगत वर्षों की अंक सूची और आधार कार्ड लेकर उपस्थित होना अनिवार्य है।

## पूर्ण आहुति के साथ हुआ शिवमहापुराण कथा का समापन



### हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसादी में लिया भाग

**मुलताई।** ग्राम काठी (दूनावा) में चल रही श्री शिवमहापुराण कथा के पुर्ण आहुति के साथ समापन हुआ। पूर्ण आहुति समापन अवसर पर आसपास के दर्जनों ग्राम के हजारों श्रद्धालु भक्तों ने इस धार्मिक आयोजन मे अपनी उपस्थिति दर्ज की और श्री धाम अमरकंटक कथा वाचिका सुश्री वैष्णवी गौस्वामी जी, के मुखारविंद से प्रवचन का रसपान किया। कथावाचक वैष्णवी गोस्वामी ने अपने प्रवचन में 12 ज्योतिर्लिंग के बारे में सुंदर व्याख्यान दिया और कहा समापन दिवस की कथा जरूर सुनना जिन भी भक्तों ने एक भी दिन की कथा का श्रवण नहीं कीया लेकिन समापन दिवस की कथा श्रवण करा तो सम्पुर्ण कथा का फल मिलेगा। सुश्री वैष्णवी गौस्वामी जी, पार्थिव शिवलिंग पुजन का विस्तार के साथ बताया समापन दिवस पर ग्रामीणों लोगों ने भंडारा प्रसादी का भव्य रूप में आयोजन किया गया जिसमें बजरंग दल मुलतापी के बजरंगी भाई लोग भी उपस्थित होकर देवी जी के मुखारविंद से कथा श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया व जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भोजन प्रसादी ग्रहण की जिसमें ग्राम काठी सहित आस पास के ग्रामीणो का विशेष सहयोग रहा।

## सांपों का जोड़ा कुएं में गिरा सर्पमित्र ने किया रेस्क्यू

**बैतूल।** बैतूल के पास उड़दन में आज (रविवार) एक घोड़ा पछाड़ जोड़े का कुएं से रेस्क्यू किया गया। सांप का यह जोड़ा पानी से लबालब कुएं में गिर गया था। जिसे सर्प मित्र ने कुएं में उतरकर पानी से निकाला और जंगल में छोड़ दिया। मामला बैतूल जिला मुख्यालय के समीप ग्राम उड़दन, शक्ति ढाना का है। जहां सुखदयाल यादव के खेत में स्थित कुएं में धामन (घोड़ा पछाड़) सांप का जोड़ा कुएं में गिर गया। जब खेत मालिक ने देखा तो इसकी सूचना सर्प मित्र विशाल विश्वकर्मा को दी। सूचना के बाद सर्पमित्र मौके पर पहुंचा और कुएं में रस्सी की सहायता से नीचे उतरकर सांप को बोरी में भरकर सांप के जोड़े को ऊपर लेकर आया। फिलहाल सांपों का सुरक्षित रेस्क्यू कर उन्हें अनुकूलित वातावरण में ले जाकर छोड़ दिया गया है। यह घोड़ा पछाड़ सांप आठ आठ फीट लंबे थे। बताया जा रहा है की दोनों प्रेमालाप में मग्न थे। इसी दौरान असावधानी वश कुंए में गिर पड़े। कुंआ गहरा होने के कारण वे बाहर नहीं निकल पा रहे थे।



### पूछा हाल, किया सम्मान और तिलक लगाकर दिया मतदान का आमंत्रण

# वृद्ध मतदाताओं से आत्मीयता से मिली एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तृप्ति पटैरया अपनी तहसील स्तरीय निर्वाचन टीम के साथ विकलांग एवं वृद्ध मतदाताओं के घर पहुंची पूरी आत्मीयता के साथ मतदाताओं का हाल-चाल पूछा दुपट्टा उड़ा कर सम्मान किया और तिलक लगाकर लोकसभा चुनाव मे मतदान का आमंत्रण दिया। शहर के सभी प्रमुख अधिकारियों को अपने समक्ष पाकर वृद्ध एवं विकलांग मतदाताओं के खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

सत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य पूर्ण हो सके इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है जिसके तहत 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाता एवं 40% से अधिक दिव्यांग



जन जो मतदान केद्रो तक पहुंचने में असमर्थ है ऐसे मतदाताओं के लिए होम वोटिंग सुविधा प्रारंभ की गई है ताकि मतदाता अपने मताधिकार का उत्साहपूर्वक उपयोग कर सके। मतदान का आमंत्रण देने आज निर्वाचन टीम सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तृप्ति पटैरया,तहसीलदार अनामिका सिंह , नायब तहसीलदार भगवानदास कुमरे, नगर पालिका उप यंत्री योगेश अनेराव ने नगरीय क्षेत्र के वृद्धि एवं विकलांग मतदाता मंजा बाई, शेषराव लोखंडे, उल्लास बाबूराव, चैती शंकर, सुशीला पंजाब राव, हरि शंकर मुन्नालाल मिश्रा, संतोष सोनी, सदाशिव बुवाडे के निवास पर पहुंचे आत्मिकता पूर्ण उनके परिवार और उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारीली और दुपट्टा उड़ाकर उनका सम्मान किया ,तिलक लगाकर मतदान के लिए आमंत्रित किया। निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम तृप्ति पटैरया ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन आयोग सत प्रतिशत मतदान लक्ष्य प्राप्ति के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है इस वर्ष 85 आयु वर्ग के वृद्ध एवं 40% से अधिक विकलांग मतदाताओं को होम वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### बाजार से वापस आ रहा था गांव

## ट्रक की टक्कर में बाइक सवार की मौत, हादसे में दोनों पैर भी टूटे

**बैतूल।** इंदौर हाईवे पर बीती रात एक बाइक सवार की ट्रक की टक्कर से मौत हो गई। वह बैतूल से बाजार कर दभेरी जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में हादसे का शिकार हो गया। पुलिस टक्कर मारने वाले ट्रक की तलाश कर रही है। घटना हाइवे पर धनौरा के पास हुई है। खेड़ी चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर इरफान खान के मुताबिक 35 वर्षीय शोभा राम पिता मोंगया भदूस में मजदूरी का काम करता है। वह कल रात बैतूल में बाजार करने के बाद गांव दभेरी लौट रहा था। इंदौर हाइवे पर उसकी बाइक को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। इस टक्कर में शोभा राम के सिर पर गंभीर चोट आई जबकि हादसे में उसके दोनों पैर टूट गए। शोभा राम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने 108 एम्बुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया है। शोभा राम सीहार का रहने वाला था। उसके 2 बच्चे है। खेड़ी चौकी ने मृतक का जिला अस्पताल में आज पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। टक्कर मारने वाले ट्रक की तलाश की जा रही है।

# 9 दिवसीय रामजन्म महोत्सव आज से

इटारसी। समूचे नर्मदांचल सहित इटारसी की धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर में श्री रामजन्म महोत्सव समिति द्वारा चैत्र नवरात्रि में 9 दिवसीय श्री रामजन्म महोत्सव का 61वें वर्ष में आज मंगलवार को भव्य आगाज होगा। कार्यक्रम को लेकर समिति द्वारा विशेष तैयारियां की गई है। इस हेतु समिति के अध्यक्ष सतीश अग्रवाल सांवरिया एवं कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक, सचिव अशोक शर्मा कोषाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा के मार्गदर्शन में आज से श्री द्वारिकाधीश मंदिर प्रांगण में चित्रकूट से पधारी जगतगुरु रामभद्राचार्य जी को परम शिष्या राष्ट्रीय मानस प्रवक्ता मानसमणि साध्वी पंडित नीलम गायत्री के मुखारविंद से श्री राम कथा के प्रवचन होंगे। शहर के धर्मिक एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष सतीश अग्रवाल सांवरिया एवं कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक ने बताया कि 61वें वर्ष में श्री राम जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत 9 अप्रैल से 16 अप्रैल तक प्रतिदिन सांयकाल 7 बजे से रात्रि 9.50 बजे तक प्रवचन होंगे।
























## खबर संक्षेप

### कॉलोनी विकास के लिए अनुमति कलेक्टर कार्यालय से ही जारी की जाएगी

**हरदा।** मप्र नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 के तहत कॉलोनी विकास अनुमति के लिए कॉलोनाइजर को निर्धारित प्रारूप 4 के साथ 17 प्रकार की जानकारी संबंधी दस्तावेज संलग्न कर आवेदन कलेक्ट्रेट कार्यालय में देना होगा। कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि सभी संबंधित कार्यालयों से प्राप्त अनुमतियों व 17 प्रकार की जानकारी की छायाप्रति कॉलोनाइजर को अपने आवेदन के साथ संलग्न करना होगी। उन्होंने बताया कि कॉलोनी विकास की अनुमति केवल कलेक्टर कार्यालय से ही जारी की जाएगी अन्य किसी कार्यालय से नहीं। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति कॉलोनी विकास अनुमति के संबंध में भ्रामक जानकारी देकर अवैधानिक रूप से कोई मांग करता है तो उसकी सूचना जिला प्रशासन को दें ताकि संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जा सके। उन्होंने जिले के सभी एसडीएम और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

### सरसों उपार्जन के लिए बनाए गए 7 केन्द्र

**हरदा।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर सरसों उपज विक्रय के लिए 7 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। उपसंचालक कृषि संजय यादव ने बताया कि इन उपार्जन केन्द्रों में सेवा सहकारी समिति रूपीपरेटिया तिरूपति वेयर हाउस टिमरनी रोड़ उड़ा, एम्ब्रोसिया सीड प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड शासकीय वेयर हाउस सुल्तानपुर, सेवा सहकारी समिति सोनतलाई शासकीय वेयर हाउस खेड़ा, सेवा सहकारी समिति छिदगांवमेल शासकीय वेयर हाउस बघवाड़, सेवा सहकारी समिति आलमपुर अनन्या वेयर हाउस दूधकच्छकला, सेवा सहकारी समिति टेमागांव विद्या वेयर हाउस धौलपुरकला तथा सेवा सहकारी समिति मांदला शासकीय वेयर हाउस सक्तापुर शामिल है। उन्होंने बताया कि किसान सरसों उपार्जन के लिए इन 7 उपार्जन केंद्रों के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक कर सकते हैं।

### कलेक्टर ने मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जारी किया आदेश

**बुरहानपुर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी भव्या मित्तल ने मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ग्राम इच्छापुर निवासी सुभाष निभोंरे आयु 47 साल को आदेशित किया है कि वह अपने आने-जाने की सूचना थाना शाहपुर में स्वयं उपस्थित होकर देना सुनिश्चित करेंगे।

### नेपानगर विधानसभा का होली मिलन व कार्यकर्ता सम्मेलन कल

**बुरहानपुर।** नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का होली मिलन समारोह एवं कार्यकर्ता सम्मेलन 10 अप्रैल को 11 बजे आयोजित किया गया है। कार्यक्रम ग्राम डोईफोड़िया के कलाल समाज कार्यालय में आयोजित किया गया है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ने बताया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राघवेंद्र गौतम, सांसद प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल, पूर्व कैबिनेट मंत्री, प्रदेश प्रवक्ता व विधायक अर्चना चिटनिस, नेपानगर विधायक मंजू दादू, बुरहानपुर जिला संगठन प्रभारी कल्याण अग्रवाल, लोकसभा संयोजक हरीश कोटवाले, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज माने, पूर्व विधायक सुमित्रा कासदेकर, रामदास शिवहरे, लोकसभा सह -प्रभारी दिलीप श्रॉफ उपस्थित रहेंगे।

### हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा पर भजन संध्या आज

**खंडवा।** खंडवा पूर्व निमाड़ सामाजिक सांस्कृतिक सेवा समिति खंडवा द्वारा हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा पर आयोजित होने वाली भजन संध्या आज शाम 7 बजे से पुरानी अनाज मंडी प्रांगण में होगी। जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक आशीष चटकेले ने बताया कि इस वर्ष भजन संध्या में राजकोट गुजरात के प्रसिद्ध भजन गायक ओसमान मीर अपने प्रस्तुति देंगे यह कार्यक्रम शाम को 7 बजे प्रारंभ होगा। गुड़ीपड़वा पर सुबह 6 बजे नववर्ष का स्वागत भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर किया जाएगा। कार्यक्रम घंटाघर चौक के बगीचे में होगा।

---

### ना ही कंपनी से बीज खरीदा और ना ही बेचा, फिर भी बीजों का करा लिया प्रमाणीकरण

# सारस एग्रो कंपनी का कमाल, किसानों ने ही नकली बीजों के कारोबार का किया पर्दाफाश







**मामला भीकनगांव और पंधाना विधानसभा क्षेत्र के किसानों का**

**झिरन्या।** सीमावर्ती पंधाना विधानसभा के ग्राम दोंदवाड़ा की सारस एग्रो कंपनी ने सोयाबीन बीज उत्पादन कार्यक्रम में कमाल किया है। उसके द्वारा कथित राजनैतिक संरक्षण से किए जा रहे नकली बीजों के कारोबार से भीकनगांव और पंधाना विधानसभा क्षेत्र के किसान प्रभावित हुए हैं। इस मामले का पर्दाफाश ग्राम मिटावल (झिरन्या) के किसानों ने किया है। जिसके बाद बीज संस्थान खंडवा के प्रबंधक ने चार सदस्यों की समिति गठित कर दी है। वहीं भीकनगांव की विधायक झूमा सोलंकी ने विधानसभा में मामला उठाने की बात कही है। जबकि पंधाना विधायक छाया गोविन्द मोरे से प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की गई,परन्तु उनसे संपर्क नहीं हो सका है। पीड़ित किसानों में भूपेंद्र पिता अनोखी पटेल, संदीप पिता कैलाश राठौर, सुनील पिता कड़वा पटेल, गजेन्द्रसिंह पिता नारायण सिंह तोमर,राहुल पिता भागीरथ राठौर (मिटावल) हैं। उन्होंने कहा है कि हमने कंपनी से ना ही बीज खरीदा है और ना ही उसे बेचा है, फिर भी हमारे नाम से पंजीयन कर फर्जी खरीदी बिक्री की गई है। जबकि प्रतिकूल मौसम से कम पैदावार होने से हमने स्थानीय स्तर पर ही उपज बेच दी थी। लेकिन कंपनी ने पंजीयन में अधिक बीज उत्पादन की जानकारी दी है, जिससे हम सरकार की बीमा योजना और मुआवजे के लाभ से वंचित हो गए हैं। किसानों ने उक्त कंपनी की शिकायत खरगोन प्रशासन और बीज प्रमाणीकरण संस्थान खंडवा से की है। दरअसल 2 पूर्व उक्त कंपनी का एजेंट उक्त गांव में आया था। जिसने सोयाबीन खरीदी के लिए आधार कार्ड और अन्य भूमि संबंधी दस्तावेज आसपास के किसानों से लिए थे। लेकिन कम भाव में उपज देने से किसानों ने इनकार कर दिया था। इसके बाद किसानों की अनुमति के बगैर उक्त दस्तावेजों का उपयोग कर धोखाधड़ी की जा रही है।

#### ना खरीदा, ना बेचा, फिर भी प्रमाणित

*इन किसानों ने कहा कि हमने उक्त कंपनी से ना कभी बीज खरीदा और ना ही बेचा है। फिर भी उक्त कंपनी ने हमारी अनुमति के बगैर हमारे नाम से पंजीयन और फर्जी खरीदी बिक्री का रिकॉर्ड तैयार किया है। जबकि सभी किसानों ने पुराने बीजों की बुआई की थी। जबकि उनकी जमीन में जेएस 335 बीज उत्पादन कार्यक्रम में बोने का दावा किया जा रहा है। ऐसे ही क्षेत्र के अन्य गाँवों के सैंकड़ों किसानों के साथ धोकाधडी की आशंका व्यक्त की है। इनमें निमखेडा,गवला,भावसिंगपुरा, छेन्डिया,आभापुरी सहित सीमावर्ती पंधाना क्षेत्र के भी किसान शामिल है। जो सरकार की बीमा योजना और मुआवजे से वंचित हो गए हैं।*

#### किसानों ने बताई अपनी पीड़ा

*किसान भूपेंद्र पटेल ने बताया कि मैंने 8 एकड़ में सोयाबीन बीज की बोवनी की थी, जिससे 18 क्विंटल उपज पैदा हुई। जबकि कंपनी के पंजीकरण में 51.60 क्विंटल बीज खरीदकर प्रमाणीकरण करा लिया है। जबकि कृषक संदीप राठौर की 2 एकड़ में 5 क्विंटल उपज पैदा हुई है और कंपनी ने 23.40 क्विंटल बीज क्रय करने की जानकारी दी है। ऐसे ही किसान सुनील पटेल ने 2 एकड़ में केवल 5 क्विंटल उपज होने और कंपनी उससे 26.40 क्विंटल बीज खरीदने की बात कर रही है। वहीं किसान राहुल राठौर के दादा बोंदर के नाम की 3 एकड़ में 12 क्विंटल सोयाबीन पकी थी, परन्तु कंपनी द्वारा 49.48 क्विंटल बीज खरीदने और प्रमाणित कराने का दावा सरासर निराधार और असत्य है। इसी तरह गजेन्द्रसिंह तोमर के खेत में 10 क्विंटल सोयाबीन का उत्पादन हुआ और कंपनी ने उससे 98.60 क्विंटल बीज खरीदी की जानकारी दर्ज की है।*

#### कंपनी के विरुद्ध कारवाई की मांग

*गौरतलब है कि 5 अप्रैल को जिला प्रशासन खरगोन और 2 अप्रैल को प्रबंधक बीज प्रमाणीकरण संस्थान संभाग खंडवा को दिए गए ज्ञापन में व्यक्त की है। उक्त सभी किसान शुक्रवार को जिला मुख्यालय खरगोन पहुंचे थे। वहां उन्होंने उप संचालक कृषि एमएल चौहान से मुलाकात कर उन्हें उक्त आशय का आवेदन सौंपा है। इस अधिकारी ने उन्हें आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। किसानों ने इस प्रतिनिधि को बताया कि वे कलेक्टर कार्यालय भी गए थे, लेकिन उनके बैठक में व्यस्त होने से उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। इसलिए आवेदन कार्यालय की आवक जावक शाखा में दे दिया है। उन्होंने कहा है कि इस तरह फर्जी प्रमाणित सारस बीज को ऊँचे दामों में बेचकर किसानों का शोषण किया जा रहा है। इस मामले में उन्होंने तत्काल कार्रवाई कर किसानों को कंपनी के चंगुल से बचाने की मांग की है।*

#### कार्रवाई की जाएगी

बीज उत्पादन का कार्य, मध्य प्रदेश राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था भोपाल द्वारा किया जाता है और कृषि विभाग के पास जब बीज बनकर पैकिंग होकर आता है तो पता चलता है। बीज उत्पादन का कार्य कृषि विभाग नहीं देखता है। लेकिन मामला उनके समक्ष आया है और इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**एमएल चौहान, उपसंचालक कृषि खरगोन**

#### चार सदस्यों की टीम गठित की

जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी की अध्यक्षता में चार सदस्यों की टीम गठित की गई है, वे मामले की जांच करेंगे। उसकी रिपोर्ट आने पर जानकारी दे देंगे।

**गोपाल सिंह नरगिश,** प्रबंधक संभागीय बीज प्रमाणीकरण संस्थान खंडवा

#### मामला अत्यधिक गंभीर है

यह किसान से जुड़ा मामला होने से अत्यधिक गंभीर है। वैसे ही किसानों की फासले निरंतर प्रकृति प्रकोप से प्रभावित हो रही हैं। ऐसे में नकली बीजों का कारोबार बढ़ रहा है। इसलिए सरकार को इसमें कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। वे इस मामले को विधानसभा में उठाएंगी।

**- झूमा ध्यानसिंह सोलंकी,** विधायक भीकनगांव

---

**फरार वारंटियों के खिलाफ पुलिस की सख्ती**

# खकनार पुलिस ने आरोपी को मगरडोह से तो निंबोला पुलिस ने एक आरोपी को पिपरी से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर



आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस फरार वारंटियों की धरपकड़ का अभियान चला रही है। इसके तहत खकनार थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास और शासकीय कार्य में बाधा के एक आरोपी को मगरडोह से तो निंबोला थाना पुलिस ने एक आरोपी को महाराष्ट्र जिले के ग्राम पिपरी से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एसपी देवेंद्र कुमार पाटीदार ने आगामी चुनाव को देखत हुए थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की धरपकड़ की जाए। इसके तहत वारंट तामिल कराकर आरोपियों को पकड़ा जा रहा है।

#### इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

खकनार थाना पुलिस ने 4 साल से फरार चल रहे आरोपी को पकड़ा। आरोपी रमेश पिता गुलसिंग भिलाल निवासी ग्राम मगरडोह थाना खकनार को गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ न्यायालय की ओर से स्थायी वारंट जारी किया गया था। गिरफ्तारी में थाना प्रभारी विनय आर्य, सहायक उपनिरीक्षक अमित हनोतिया, आरक्षक शादाब अली का योगदान रहा। निंबोला थाना चौकी धुलकोट पुलिस ने आरोपी नजर सिंग पिता कलसिंग 23 निवासी ग्राम रोहिणी को गिरफ्तार किया। वह मोटर व्हीकल एक्ट के मामले में फरार चल रहा था। कार्रवाई में चौकी प्रभारी एएसआई सुरेंद्र सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक प्रताप सिंह तोमर, कोमल वर्मा का योगदान रहा।

### मतदाता जागरुकता रथ किया रवाना



**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन के लिए आयोजित मतदाता जागरूकता गतिविधियों के तहत सोमवार को कलेक्टर आदित्य सिंह ने मतदाता जागरूकता प्रचार वाहन को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन 8 से 15 अप्रैल तक खिरकिया नगर के सभी वार्डों का भ्रमण करेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया व अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

---

# शाला प्रवेश उत्सव के दौरान स्कूल जाने योग्य सभी बच्चों का एडमिशन कराएं



**हरदा।** कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी व जिला परियोजना समन्वयक को निर्देश दिये कि 6 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों का स्कूल में प्रवेश अवश्य करायें। उन्होंने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्रों में दर्ज 6 वर्ष आयु के बच्चों को चिन्हित कर उन सभी को स्कूल में पंजीबद्ध कराने के निर्देश दिये और कहा कि स्कूल जाने योग्य कोई भी बच्चा स्कूल में पंजीयन से न छूटे। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया के अलावा सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी व विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक भी मौजूद थे।

उन्होने डीईओ व डीपीसी को अनुश्रवण समितियों तथा शाला प्रबन्धन समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित करने के भी निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिये कि डीईओ व डीपीसी के वेतन एवं वाहन के देयकों का भुगतान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के अनुमोदन उपरान्त ही किया जाए।

### मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई

# तरह-तरह के व्यंजन बनाकर दिया मतदाता जागरुकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

लोकसभा चुनाव को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह के निर्देशन में जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के संबंध में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तथा स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी संजय त्रिपाठी ने बताया कि स्वीप गतिविधियों के तहत सोमवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में स्वीप गतिविधि के तहत पोस्टर मेकिंग और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वीप के नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरदा रोहित सिसोनिया ने उपस्थित छात्र मतदाताओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।



त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार को ही 'अच्छा पोषण शरीर को रखता है, अच्छा मतदान लोकतंत्र को स्वस्थ रखता है' थीम पर कुकिंग कंपटीशन के द्वारा सभी परियोजनाओं में मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग टिमरनी द्वारा स्वीप गतिविधि के अंतर्गत व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा व्यंजनों के माध्यम से मतदान हेतु प्रेरित किया गया। इसी प्रकार जनपद पंचायत खिरकिया के सभागार में विकासखंड स्तर पर मतदाता जागरुकता के लिये कुकिंग एवं व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की गई। ग्राम पंचायत पोखरनी में झंडा रैली एव मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका मोबाइल वेन द्वारा हंडिया में अमावस्या पर मतदाता जागरूकता प्रसार किया गया। इसके अलावा रविवार को टिमरनी शहर में गणगौर उत्सव के दौरान नाटिका के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

---

# परामर्शदात्री समिति की बैठक- कर्मचारी संगठन के नेताओं ने जिला पंचायत सीईओ को बताई समस्याएं

**बुरहानपुर।** जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सोमवार को आईएएस व जिला पंचायत सीईओ सृष्टि देशमुख की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में हुई। इस दौरान कर्मचारी संगठन के नेताओं ने विभागवार कर्मचारियों की समस्याओं से अफसरों को अवगत कराकर निराकरण की मांग रखी। बैठक में एडीएम वीरसिंह चौहान, सीएल सिंगाड़े सहित अन्य अफसर मौजूद थे। इस दौरान कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष संतोष सिंह दीक्षित ने कहा- समस्याओं को लेकर मांग पत्र देते हुए कहा-विभागवार दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की समीक्षा की जाकर जहां रिक्त पद हैं वहां पद स्वीकृत कराकर नियमित किया जाए। शिक्षकों को पदोन्नति का लाभ देकर क्रमोन्नति प्रदान की गई है, लेकिन वेतन में इसका लाभ नहीं मिल रहा है। इसका लाभ दिया जाए। जबकि अन्य जिलों में लाभ दिया जा रहा है। माध्यमिक शिक्षक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों को 2 साल से मूल्यांकन की राशि नहीं मिली। जबकि इसका आवंटन हो चुका है। पिछले साल की मूल्यांकन की राशि शेष है।

बैठक में नेशनल मूवमेंट ऑफ़ ओल्ड पेंशन स्कीम के जिला अध्यक्ष अनिल बाविस्कर, संयोजक विजय राठौर, अजाक्स के सतीश दामोदर, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव हेमंत सिंह, मंडी कर्मचारी महासंघ के सदानंद, शिक्षक संघ से अमर पाटील आदि शामिल हुए।

#### यह भी रखी गई मांगें

- *शिक्षकों को ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में अतिरिक्त कार्य करने पर अर्जित अवकाश की पात्रता दी जाए।*
- *माध्यमिक शिक्षक, उच्च माध्यमिक शिक्षकों को 12 वर्ष और 24 वर्ष की क्रमगति के आदेश शीघ्र जारी किए जाएं।*
- *नया शैक्षणिक सत्र जून माह से शुरू किया जाकर सुबह की पाली में किया जाए। इसके अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा, उषा कार्यकर्ताओं को समय पर वेतन मिले। इसके लिए शासन से पत्राचार किया जाए।*
- *वन विभाग के कर्मचारियों को महाराष्ट्र की तरह 13 माह का वेतन, विभाग के समान सुविधा प्रदान की जाए।*
- *अजाक्स के सतीश दामोदर ने बैकलॉग के पद भरने की मांग करते हुए कहा- एससी एसटी और ओबीसी वर्ग को जिला प्रशासन ठेकेदारी में 50 परसेंट की भागीदारी प्रदान की जाए।*

# विद्युत कम्पनी और जल संसाधन के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें : कलेक्टर

**हरदा।** कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जल संसाधन विभाग और विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान कार्यपालन यंत्री जल संसाधन डीके सिंह व सोनम वाजपेयी, विद्युत वितरण कम्पनी के महाप्रबन्धक अनूप कुमार सक्सेना व उप महाप्रबन्धक आर.के. अग्रवाल सहित दोनों विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि इन दिनों ग्रीष्मकालीन मूंग के लिए नहरों से सिंचाई का कार्य चल रहा है। किसानों को असुविधा न हो तथा नहरों के माध्यम से अंतिम छोर के किसान के खेत तक पानी पहुंचे, इसके लिए जल संसाधन विभाग व विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने



जल संसाधन विभाग व विद्युत कम्पनी के अधिकारियों से कहा कि उनकी ड्यूटी के दौरान यदि कोई शरारती व असामाजिक तत्व शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते है तो ऐसे में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करें और संबंधित के विरूद्ध निकटतम पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाए।

---

**भगवान श्रीराम ने की थी मां तुलजा भवानी शक्ति की आराधना**

# तीन रूपों में दर्शन देती हैं मां तुलजा भवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



**नवरात्रि पर्व का शुभारंभ आज से**

आज से शुभ मुहूर्त में घटित स्थापना के साथ शक्ति की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो रही है। आस्था और भक्ति के साथ मां गणगौर की पूजन अर्चना के साथ नवरात्रि पर्व मंगलवार से शुरू हो जाएगा। शहर का प्राचीन मंदिर मां तुलजा भवानी मंदिर में भी घट स्थापना के साथ नवरात्र पर्व की शुरुआत होगी। बड़ी संख्या में इस पर्व के दौरान श्रद्धालु भवानी माता, नवचंड़ी, शीतला माता, बिजासन माता सहित शहर के माता मंदिरों में पहुंचकर दर्शन कर पूजा अर्चना करते हैं। माता मंदिरों में घटस्थापना के साथ ही प्रतिदिन माता जी का श्रृंगार कर आरती की जाएगी।

जिले का प्रसिद्ध मां तुलजा भवानी माता मंदिर खंडवा की धार्मिक एवं पुरातत्व धरोहर में से एक है। इस मंदिर में मां भवानी की स्वयंभू मूर्ति विराजित हैं जो दिन के तीन पहर में अलग-अलग रूप धारण करती हैं। सुबह के समय बाल्यावस्था, दोपहर में युवावस्था, वहीं शाम के समय वृद्धावस्था में दिखाई देती हैं। भवानी माता मंदिर भक्तों की आस्था और विश्वास को अपने में समेटे हुए है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि मंदिर के साथ जुड़ी मान्यताएं और किंवदंतियों श्रद्धालुओं में बहुत प्रचलित हैं। चैत्र नवरात्रि में 9 दिन मां की विशेष आराधना की जाती है। मां तुलजा भवानी के इस स्थान को रामायण काल के पावन समय से माना जाता है।

भगवान श्रीराम ने की थी मां तुलजा भवानी की अराधना तुलजा भवानी माता मंदिर से जुड़ी ऐसी मान्यता है कि 14 साल के वनवास के दौरान प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के साथ खांडव वन (वर्तमान खंडवा) आए थे। भगवान श्रीराम ने इस मंदिर में 9 दिनों तक मां तुलजा भवानी की आराधना की थी और मां से अस्त्र-शस्त्र का वरदान लेकर दक्षिण की ओर प्रस्थान किया था।

**■ छत्रपति शिवाजी ने की थी मां की पूजा**

महाभारत काल में भगवान श्रीकृष्ण ने धनुर्धर अर्जुन के साथ यहीं पर अग्निदेव का अजीर्ण रोग का उपचार किया था और देवी की शक्ति से इंद्र को वर्षा करने से रोका था। वहीं मराठा नायक छत्रपति शिवाजी मां तुलजा भवानी को अपनी आराध्य देवी मानते थे। किवंदती है कि शिवाजी को मां भवानी ने शमशीर प्रदान की थी, उसी शमशीर के तेज से उन्होंने मुगलों के दांत खट्टे कर दिए थे।

**■ ऐसे पड़ा था तुलजा भवानी नाम**

कहा जाता है कि पहले भवानी माता को स्थानीय लोग नकटी माता कहते थे। वहीं धूनीवाले दादाजी ने इन्हें तुलजा भवानी नाम दिया था। तभी से इन्हें इस नाम से जाना जाता है। तुलजा भवानी की यह प्रतिमा जमीन से प्रकट हुई थी। खंडवा शहर में तुलजा भवानी माता के दो रूप शहर में देखने को मिलते हैं अलग-अलग सराफा में भी बड़ी तुलजा भवानी माता मंदिर है तुलजा भवानी के दरबार में नवरात्रि के 9 दिनों में और चैत्र नवरात्र में खंडवा और आसपास के क्षेत्रों से मां के भक्तों दर्शनों के लिए आते हैं। ऐसा माना जाता है कि नवरात्रि के दिनों में यहां भक्तों के द्वारा जो भी मनोकामना मांगी जाती है, वह पूरी होती है इसलिए इस स्थान की महिमा बेहद प्राचीन है। यहीं वजह है कि सालों से यहां मां के भक्त दर्शनों के लिए आ रहे हैं।

**■ मां तुलजा भवानी का मंदिर चांदी से बना:** सुनील जैन ने बताया कि भव्य और आकर्षक इस मंदिर का निर्माण बेहद ही आकर्षक रूप तरीके से किया गया है। इसकी भव्यता का एहसास मंदिर के गर्भ गृह में चांदी का उपयोग से होता हैं। दीवारों पर चांदी से नक्काशी की गई है, जो देखने में अनूठी प्रतीत होती है। देवी पर चांदी का छत्र सुशोभित किया गया है। वहीं माता के मुकुट को चांदी व मीनाकारी से सजाया गया है। मंदिर में होने वाले भक्ति पाठ व धूप दीप द्वारा मंदिर का वातावरण सुशोभित रहता है। मंदिर परिसर में हैं विशाल दीपशिखा मंदिर का द्वार स्तंभ संस्कृति का बना हुआ है। मंदिर परिसर के भीतर विशाल दीपशिखा का निर्माण है। जिस पर शंख आकृति के दीप बने हुए हैं जो बेहद ही सुंदर दिखाई देते हैं।

**नोडल अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश**

# लोकसभा चुनाव संबंधी सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें





**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह ने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी उन्हें सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया, अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा सहित सभी नोडल अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के घर जाकर मतदान कराने संबंध में की गई तैयारियों की जानकारी भी ली। उन्होने चुनाव कार्य में लगे सभी अधिकारी कर्मचारियों को कम से कम दो-दो बार प्रशिक्षण देने के लिये भी कहा। कलेक्टर सिंह ने मतदान दलों को लाने ले जाने के लिये वाहन व्यवस्था की भी बैठक में समीक्षा की। बैठक में उन्होने 12 अप्रैल को होने वाले द्वितीय रेण्डमाइजेशन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश जिला सूचना विज्ञान अधिकारी शैलेष दुबे को दिये। उन्होने कहा कि मतदाताओं को मतदाता पर्ची समय से पूर्व वितरित कर दी जाए ताकि उन्हें मतदान के दिन परेशानी न हो। कलेक्टर सिंह ने बैठक में निर्देश दिये कि जिन वाहनों में इवीएम मशीन लाई व ले जाई जायेगी, उन सभी वाहनों में जीपीएस सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाया जाए।